## जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

# भीषण गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए एहतियात बरतें जिलावासी : प्रीति

### गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्र पहनें, सिर ढक कर रखें धूप में निकलना हो तो टोपी पहनें अथवा छतरी का उपयोग करें


उपायुक्त प्रीति।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गर्मी के मौसम में नागरिकों को हीट वेव से बचाने के लिए जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है। जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त प्रीति ने जिलेवासियों से हीट वेव से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी की पालना करने के लिए आहवान किया है।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें। टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें।

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं। क्योंकि उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें। काम के बीच में थोड़ा थोड़ा विश्राम लें। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें।

### ऐसे करें अपने पशुओं का हीट वेव से बचाव

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। उन्हें घर के भीतर रखें, पीने के पानी के दो बाउल रखें। ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे से वे पानी पी सकें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें। जहां वे आराम कर सकें। ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा जाए वहां दिनभर छाया रहे। अपने पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें। जानवरों को किसी बंद जगह में न रखें।

## बिजली कटों से परेशान ग्रामीणों ने निगम कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गांव गुमथला राव व आसपास के ग्रामीणों ने बिजली निगम कार्यालय रादौर में ओवरलोड के चलते बार-बार लग रहे बिजली कटों से परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने भाकियू जोन प्रभारी बलिंद्र नरवाल के नेतृत्व में सरकार व प्रशासन विरोधी नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। गुस्साए किसानों ने बिजली निगम के कर्मचारियों पर अभद्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं पर ध्यान न देने के भी आरोप लगाए।


रादौर। बिजली निगम कार्यालय के समक्ष नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

भाकियू जोन प्रभारी बलिंद्र नरवाल, सुशील बत्रा, अमरजीत, दीवान खुराना, मेहरबान, श्यामलाल, भीम सेतिया, विजय सेठी, रमेश खुराना व राजेश सलूजा आदि ने बताया कि 10 दिन पहले भी उन्होंने बिजली निगम रादौर कार्यालय में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था। तब एसडीओ रादौर व जठलाना ने उनको 10 दिनों का समय मांगा था। अधिकारियों ने 10 दिनों के अंदर उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया था। अब 10 दिनों के बाद अधिकारी फिर से और 10 दिन का समय मांग रहे हैं। अधिकारी उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उनकी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। ऐसे में यही लगता है कि

## मेयर सुमन बहमनी ने नागरिक सुविधा केंद्र का किया औचक निरीक्षण

# उपस्थिति रजिस्टर में हाजिरी दर्ज और कर्मी नदारद, खफा मेयर ने दिए कार्रवाई के निर्देश

### सचेत रहें अफसर जनता के कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में मंगलवार सुबह मेयर सुमन बहमनी ने औचक निरीक्षण किया। जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान टोकन सिस्टम पर तैनात एक कर्मचारी अपनी सीट से गैरहाजिर मिली। जबकि उपस्थिति रजिस्टर में उसकी हाजिरी दर्ज पाई गई। मामले को गंभीर मानते हुए मेयर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और


यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय के नागरिक सुविधा केंद्र में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

कर्मचारियों की क्लास लगाकर उन्हें जनता के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी।

मेयर सुमन बहमनी सुबह करीब साढ़े नौ बजे बिना किसी पूर्व सूचना के नगर निगम कार्यालय स्थित नागरिक सुविधा केंद्र पहुंचीं। उन्होंने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां अपने कार्यों के लिए पहुंचे नागरिकों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने केंद्र में नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान मेयर ने पाया कि टोकन सिस्टम पर तैनात एक कर्मचारी अपनी ड्यूटी स्थल पर मौजूद नहीं थी। इस बात को लेकर मेयर काफी खफा नजर आईं।

जांच करने पर यह भी सामने आया कि कर्मचारी की उपस्थिति रजिस्टर में पहले ही हाजिरी दर्ज की जा चुकी थी। इस पर मेयर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने मौके पर नागरिक सुविधा केंद्र के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम में आने वाले नागरिकों को समय पर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता के कार्यों में देरी, लापरवाही या अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी।

### नागरिकों को बगैर परेशानी मिले सुविधा

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नागरिक सुविधा केंद्र आमजन की सुविधाओं के लिए बनाया गया है। यहां आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे। ताकि नगर निगम की सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज डायरी



### पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में करें शामिल

**यमुनानगर।** जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबन्ध में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में जगाधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत सभी 25 बीएलओ सुपरवाइजरों तथा 243 बीएलओज हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (ना) जगाधरी विश्वनाथ ने प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम विश्वनाथ ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य को बड़ी गम्भीरता से किए जाने व गणना फार्म का शत प्रतिशत सत्यापन घर घर जाकर किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी बीएलओज को 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओज द्वारा घर घर जाकर सर्वे करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि इस दौरान कोई घर बन्द मिलता है अथवा किसी घर में सभी मतदाता अनुपस्थित पाए जाते हैं तो ऐसे घरों का कम से कम तीन बार दौरा किया जाए । इसके अतिरिक्त सभी बीएलओ तथा सुपरवाईजर यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूचियों में सम्मिलित हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। उन्होंने बताया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, प्रिंसिपल राजकीय कॉलेज छछरौली, आईटीआई छछरौली के प्रिंसीपल, खंड शिक्षा अधिकारी छछरौली, संबंधित निर्वाचन कानूनगो व आपरेटर द्वारा गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओज एवं सुपरवाईजरों द्वारा किए जाने वाले कार्यों बारे प्रशिक्षण दिया गया।



### समर कैंपः जल संरक्षण व पौधारोपण के लाभ बताए

यमुनानगर। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित यमुनानगर के बाल भवन में समर कैंप में बच्चों को जलसंरक्षण करने व पौधारोपण करने के लाभ बताए गए। इस दौरान मुख्य वक्ता के रुप में सेवानिवृत प्रधानाचार्य एवं प्रसिद्ध पर्यावरण मित्र गोबिंद सिंह भाटिया ने भाग लिया।मुख्य वक्ता गोबिंद सिंह भाटिया ने बच्चों को जल बचाने व पौधारोपण के लाभ बताए। बच्चों को छोटी छोटी प्रेरणादायक बातों के साथ साथ बताया कि पानी हमारे लिए जरूरी है।पानी का प्रयोग करना है दुरुपयोग नहीं है। मौके पर बच्चों ने जल बचाने और पौधरोपण करने हेतु संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी सुखमिंदर सिंह ने कहा कि वाटरमैन गोबिंद सिंह भाटिया को पर्यावरण संरक्षण का जनून है। यह पिछले लगभग 15 वर्षों से स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता को जल बचाने व पौधारोपण करने हेतु जागरूक कर रहे हैं। जल बचाना व पौधारोपण करना मानवता की बहुत बड़ी सेवा है। हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझकर यह काम करना चाहिए। बच्चों के अतिरिक्त रेणु, प्रीती कपूर, ममता, सिल्की, गुलबसां, संजीव, संदीप, अंकित, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।



### आपदा प्रबंधन पर इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में मंगलवार को शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इनहाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय आपदा प्रबंधन रहा। जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यालयों के लिए केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों व कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के प्रति जागरूकता, तैयारी व त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता विकसित करना प्रत्येक शिक्षक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को संकट की परिस्थितियों में प्रभावी नेतृत्व प्रदान करने के लिए सक्षम बनाते हैं। कार्यशाला के मुख्यवक्ता सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं मास्टर ट्रेनर अमित सिंघल ने आपदा प्रबंधन की अवधारणा, विभिन्न प्रकार की आपदाओं, जोखिम न्यूनीकरण, विद्यालय सुरक्षा योजना, आपातकालीन निकासी प्रक्रिया, प्राथमिक उपचार व आपदा के दौरान शिक्षकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा के समय घबराने के बजाय पूर्व नियोजित कार्य योजना के अनुसार कार्य करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है। विद्यालयों में नियमित मॉक ड्रिल, जोखिम मूल्यांकन, आपातकालीन संपर्क व्यवस्था व विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों को विभिन्न वास्तविक जीवन आधारित केस स्टडी एवं समूह गतिविधियों के माध्यम से आपदा की परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने के उपाय भी बताए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने भूकंप, आग लगने, बाढ़, लू तथा भीड़भाड़ जैसी आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर चर्चा की। इसके अलावा शिक्षकों ने अपने अनुभव भी सांझा किए।

### सीएससी से 70 हजार रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर के तेजली स्थित सीएससी सेंटर से चोरों ने दिनदहाड़े 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फेस टू तेजली निवासी नविंदर ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव में ही सीएससी की दुकान है। आठ जून को दोपहर करीब सवा 12 बजे वह दुकान बंद करके किसी काम से बाहर चला गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद जब वह वापस दुकान पर पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। वह दुकान के अंदर पहुंचा तो देखा कि अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से 70 हजार रुपये गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर से हजारों रुपये के सामान चोरी

यमुनानगर। देवी मंदिर गली रादौर रोड निवासी अक्षय ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह जून की रात को चोरों ने उसके घर में घुसकर एसी के पाइप, बर्तन, गैस सिलेंडर व अन्य सामान चोरी कर लिया। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसके घर से सामान चिंटू ने चोरी किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## अर्चना गुप्ता का होगा भव्य स्वागत : सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- 13 जून को यमुनानगर आगमन पर किया जाएगा सम्मान

भाजपा द्वारा पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के 13 जून को यमुनानगर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। उनके स्वागत के लिए जगाधरी के गुप्ता पैलेस में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने मंगलवार को पाटी के कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन वर्चुअल बैठक में समारोह की तैयारियों को लेकर ड्यूटियां लगाते हुए दी।

राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जिला यमुनानगर में पहुंच रही हैं । उनके स्वागत के लिए गुप्ता पैलेस में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में 13 जून को सुबह साढ़े नौ बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम में ज्यादा से आमजन को लेकर पहुंचने के लिए आहवान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कार्यक्रम को सफल करने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की डयूटियां लगाई। मौके पर भाजपा नेता रवि बतान ने कहा कि सभी भाजपा पदाधिकारी अपनी भूमिका को समझें और यह सुनिश्चित करें कि जिस कार्यकर्ता की जो जिम्मेदारी लगाई गई है वह जिम्मेदारी पूरी तरह से पूर्ण हो सके। इसके लिए वह मेहनत ईमानदारी के साथ कार्य करें । वह जल्द ही सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जगाधरी आएंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर सैनी ने कहा कि जिला यमुनानगर के लिए यह बड़ी बात है कि प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता का पहला कार्यक्रम जिला यमुनानगर को मिला है। जिला यमुनानगर संगठन की दृष्टि से पूरे हरियाणा में अलग पहचान रखता है । उन्हें उम्मीद है बीजेपी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम में जिला यमुनानगर इस गति को और तेज गति से आगे बढ़ाएगा।


यमुनानगर। प्रदेशाध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ऑनलाइन बैठक में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देते जिला अध्यक्ष राजेश सपरा। फोटो : हरिभूमि

### नहर में डूबे छात्र का मिला शव

**यमुनानगर।** दो दिन पहले दोस्तों के साथ पश्चिमी यमुना नहर में नहाते समय पानी में डूबे सत्रह वर्षी छात्र शिम का शव नहर में पानी में तैरता हुआ मिल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक शादीपुर निवासी 17 वर्षीय शिवम गत रविवार को पश्चिमी यमुना नहर के हमीदा हेड पर नहर में नहाते समय तेज बहाव में बह गया था। घटना के बाद से पुलिस और गोताखोरों की टीम लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। दो दिनों तक नहर की गहराई, किनारों और झाड़ियों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तभी किसी ने पुलिस को सूचना दी कि रादौर के नजदीक नहर में शिवम का शव पानी में तैर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों से शव को बाहर निकलवाकर शिनाख्त करवाई। मृतक छात्र के पिता उपेंद्र तिवारी ने बताया कि शिवम उनकी इकलौती संतान था। वह 10वीं कक्षा का छात्र था। रविवार को वह अपने दोस्त किरणजीत के साथ घर से निकला था। मगर पश्चिमी नहर में नहाते समय शिवम पानी में बह गया। उसकी दो दिन से नहर में तलाश की जा रही थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है।


शिवम का फाइल फोटो

## ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रादौर में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# योग शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है : डॉ ढींगरा

### डॉ. शारदा ने योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, शारीरिक सुदृढ़ता पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस रादौर में मंगलवार को दो दिवसीय 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह आयोजन उच्चतर शिक्षा विभाग व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान समूह निदेशक एवं फार्मेसी प्रिंसीपल डॉ. अश्वनी ढींगरा ने की।

मुख्य अतिथि रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. शारदा शर्मा व विशिष्ट अतिथि आयुष विभाग के योग सहायक सोनी कांबोज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. शारदा ने योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन, शारीरिक सुदृढ़ता तथा मानसिक शांति के महत्व पर प्रकाश डाला। सोनी कांबोज ने योगासनों एवं प्राणायाम अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी व नाड़ी शोधन प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है तथा मानसिक तनाव कम होता है। इसके अलावा एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है।

संस्थान समूह निदेशक एवं फार्मेसी प्रिंसीपल डॉ. अश्वनी ढींगरा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ और संतुलित बनाती है। संस्थान समूह निदेशक ने उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन काजल शर्मा व तवलीन कौर ने किया। मौके पर कॉर्डिनेटर शालिनी गोयल एवं डॉ. बीनू शर्मा आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज में योगाभ्यास करते स्टाफ सदस्य।

## उज्ज्वल, नव्या व हर्षित ने जीती योग स्पर्धा

- तेजली खेल परिसर में जिलास्तरीय योग प्रतियोगिता में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला आयुष विभाग, खेल विभाग ल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को तेजली खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंडस्तर पर विजेता रहे प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. रजनीश ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता मौजूद रहीं।



शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में 10 से 18 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में उज्जवल ने प्रथम, सत्यम ने द्वितीय,आरीफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग के महिला वर्ग में नव्या ने प्रथम, कनिका ने द्विती, दीक्षा ने तृतीय स्था प्राप्त किया। जबकि 18 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में हर्षित ने प्रथम, मनोज कुमार ने द्वितीय व रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि महिला वर्ग में सिमरनजीत कौर ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय व तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने बताया कि जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में यमुनानगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं में योग के प्रति रुचि बढ़ती है और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है।

16 वातानुकूलित डिब्बों पर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की आकर्षक ब्रांडिंग

## सोमनाथ महादेव के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन रवाना

# कुरुक्षेत्र से चली आस्था की ट्रेन, कई राज्यों तक पहुंचा तीर्थ यात्रा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हर की भूमि हरियाणा और मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा का संदेश हरियाणा, राजस्थान, गुजरात के साथ-साथ दिल्ली के दर्जनों शहरों के नागरिकों तक पहुंचा। यह संदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गीता स्थली कुरुक्षेत्र से रवाना की गई विशेष ट्रेन से पहुंचा है। अहम पहलू यह है कि इस विशेष ट्रेन के 16 डिब्बों की बेहतरीन ब्रांडिंग की गई है। इतना ही नहीं विशेष ट्रेन का इंजन भी पीले रंग के फूलों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ज्ञान और भक्ति की पावन धरा कुरुक्षेत्र से भगवान शिव के प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन रवाना की है। इस ट्रेन को सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम.पांडूरंग के आदेशानुसार सजाया गया है। इस ट्रेन के 16 डिब्बों की दोनों तरफ से बेहद खूबसूरत ब्रांडिंग की गई और प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का ब्यौरा भी अंकित किया गया है।



### ब्रांडिंग में फ्रेंडली मैटेरियल का किया प्रयोग

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा कुरुक्षेत्र से गुजरात रवाना की गई विशेष ट्रेन की शानदार ब्रांडिंग की गई है। इस ब्रांडिंग में पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए इको फ्रेंडली मैटेरियल का प्रयोग किया गया है। इस ट्रेन के 16 डिब्बों के दोनों तरफ ब्रांडिंग की गई है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से चलकर करनाल, पानीपत, सोनीपत, दिल्ली कैंट, रेवाड़ी आदि स्टेशनों पर रूकी। इस ट्रेन में 23 जिलों से लगभग 1100 तीर्थ यात्री सवार है और इस वातानुकूलित ट्रेन का सफर करके सभी ने सफर का खूब आनंद लिया है। सभी श्रद्धालु यात्रियों के लिए वातानकुलित ट्रेन उपलब्ध करवाने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त कर रहे है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन में 1100 में से अधिकतर श्रद्धालु ऐसे है जो इस पवित्र धाम के लिए लम्बी यात्रा कर रहे है। इस यात्रा का प्रबंध करने के लिए श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है।

## 1400 किमी के सफर में श्रद्धालु भक्ति में डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गीता स्थली कुरुक्षेत्र से लेकर श्रीसोमनाथ धाम तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ भजनों पर झूम कर सफर का खूब आनंद लिया। इन श्रद्घालुओं को 1400 किलोमीटर के लंबे सफर का जरा सा भी एहसास नहीं हुआ। इस सफर के दौरान जहां श्रद्धालुओं को एक दूसरे जिलों को जानने का अवसर मिला, वहीं भाईचारे की एक नई मिसाल भी कायम हुई। हरियाणा प्रदेश से पहली बार कुरुक्षेत्र से श्री सोमनाथ धाम के लिए पहली बार निःशुल्क यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में 23 जिलों के 1100 श्रद्घालुओं ने सफर किया। इस सफर के दौरान श्रद्धालुओं आईआरसीटीसी के माध्यम से सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन व रात्रि के भोजन के साथ साथ दो टाइम की चाय उपलब्ध करवाई गई। इस एजेंसी के माध्यम से श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय भोजन परोसा गया और सभी श्रद्धालुओं ने अतिथि सत्कार की सराहना की है। मंगलवार को सुबह होते ही अधिकतर श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में लीन हो गए, कुछ महिलाओं ने एकत्रित होकर भगवान शिव के भजनों का गुणगान किया और इन भजनों पर नतमस्तक होकर नृत्य भी किया। इतना ही नहीं कुछ श्रद्घालुओं ने चाय के साथ ताजा खबरों के अखबार भी पढ़े।



कुरुक्षेत्र। भगवान शिव के भजनों पर झूमती महिलाएं।

### भगवान शिव के भजनों पर झूमी महिलाएं

कुरुक्षेत्र से गुजरात के सफर में महिलाओं ने भगवान शिव के भजनों का गुणगान किया और भक्ति के रस में डूबकर खूब डांस किया। गोहाना से कमलेश, शलौचना, कौशल्या, सोनीपत से कर्णावती, दयावंती, यशोदरा रानी, रामरती, महेन्द्रों, हांसी से शकुन्तला सैनी, गुरुग्राम से सुशीला, रोहतक से अनिता, राजपती, पानीपत से कौशल्या, पलवल से सनौ देवी, होडल से शकुन्तला, गुरुग्राम से सतपाल प्रजापति ने सुबह के समय भगवान शिव की आराधना और भजनों को गाकर नृत्य भी किया। इन भजनों को देखकर ट्रेन के अन्य श्रद्घालुओं ने भी खूब आनंद लिया।

डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सफर में श्रद्धालुओं के चेहरे पर भगवान शिव के दर्शन करने की चमक को सहजता से देखा गया।

## गुरु अर्जुन देवजी के शहीदी गुरु पर्व पर पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए 94 लोग रवाना



कुरुक्षेत्र। श्रीगुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी गुरु पर्व पर पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए एक जत्था हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने रवाना किया। कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा, मैंबर बीबी जसबीर कौर मसाना, मैंबर इंद्रजीत सिंह, सुखजिंदर सिंह मसाना ने झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना किया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के अतिरिक्त सचिव राजपाल सिंह दुनिया माजरा पीए, एडिशनल सेक्रेटरी सतपाल सिंह डाचर, उप सचिव धर्म प्रचार अमरिंदर सिंह, प्रधान साहब के निजी सचिव शमशेर सिंह, फ्लाइंग इंचार्ज जज सिंह, इंचार्ज रेशम सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, मैंबर फ्लाइंग हरदयाल सिंह, बेअंत सिंह, सहायक सुपरवाइजर धर्म प्रचार विजेंद्र सिंह, सहायक सुपरवाइजर रघुवीर सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने पाकिस्तान धार्मिक यात्रा पर जा रहे जत्थे को शुभकामनाएं ने दी। उन्होंने बताया कि करीब 104 लोगों ने पाकिस्तान धार्मिक यात्रा के लिए वीजा के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 94 लोगों के वीजा आया है।

## विद्या भारती हरियाणा प्रान्तीय मेधावी छात्र कार्यशाला का वैभवपूर्ण समापन

कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा द्वारा आयोजित प्रान्तीय मेधावी छात्र कार्यशाला का गरिमामय समापन समारोह मंगलवार को विद्या भारती के संस्कृति भवन स्थित नैमिषारण्य सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रान्तीय कार्यशाला के समापन सत्र का आयोजन का गौरव गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र को प्राप्त हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रान्त भर से आए मेधावी विद्यार्थियों के कौशल को निखारना, उनका मार्गदर्शन करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के पूर्व छात्र एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुल-सचिव ले. डॉ. वीरेन्द्र पाल खटकर जी रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता हिन्दू शिक्षा समिति, हरियाणा के सहमंत्री सुरेश पुरी ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय प्रशिक्षण संयोजक राम कुमार मंच पर आसीन रहे। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने कार्यशाला का वृत्त प्रस्तुत करते हुए बताया कि 13 विद्यालयों से 84 विद्यार्थियों ने इस कार्यशाला में सहभागिता की और अखिल भारतीय, क्षेत्रीय एवं प्रांतीय 10 अधिकारियों का प्रवास इस कार्यक्रम में हुआ।

## खबर संक्षेप



### राजकीय उच्च विद्यालय में समर कैंप का समापन

कुरुक्षेत्र। सिरसमा गांव स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### माता बाला सुंदरी मंदिर में हुई भजन संध्या



शाहबाद। नगर के माता बाला सुंदरी मंदिर में अष्टमी के मौके पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें माता के भक्तों ने महामाई का गुणगान किया। मंदिर का पूरा परिसर मां के भजनों से गुंजायमान रहा। मां बाला सुंदरी की असीम कृपा से अष्टमी महोत्सव भक्तिभाव, श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। मां के दरबार में गूंजते जयकारों, संकीर्तन और कंजक पूजन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## 15 जून से घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे बीएलओ : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल पात्र मतदाताओं के नाम ही मतदाता सूची में दर्ज हों तथा प्रत्येक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए बीएलओ के प्रशिक्षण शिविर में बोल रहे थे। इस कार्यशाला में एडीशनल एईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ को विशेष गहन प्रशिक्षण कार्य को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रश्नोत्तरी सेशन में सभी प्रश्नों का जवाब भी दिया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 14 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दो प्रपत्र देंगे, जिन्हें मतदाता द्वारा भरा जाएगा। सभी मतदाता अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो जरूर साथ रखें।

## पार्टी की कमान सुरजेवाला के हाथों में आने पर कांग्रेस को मजबूती मिलेगी : बवेजा

कुरुक्षेत्र। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला को यदि



पार्टी आलाकमान राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपता है तो इससे कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। बवेजा ने कहा कि सुरजेवाला ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में युवा कांग्रेस से लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला विभिन्न राज्यों के प्रभारी, टिकट वितरण समिति के सदस्य, अनुशासन समिति के सदस्य तथा स्टार प्रचारक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

## राष्ट्रीय गोजु-रयू कराटे चैंपियनशिप में कुरुक्षेत्र के होनहारों का जलवा

- एसडी स्कूल के डायरेक्टर विकास शर्मा ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के मेडिटेशन हॉल में 2 से 6 जून 2026 तक आयोजित 'राष्ट्रीय गोजु-रयू कराटे चैंपियनशिप' में स्थानीय खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुरुक्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कर्नाटक, महाराष्ट्र, केरल, पश्चिम बंगाल, असम और हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर आयोजित इस कड़े मुकाबले में



कुरुक्षेत्र। खुशी का इजहार करते विजेता खिलाडी।

स्थानीय बच्चों ने अपनी तकनीकी कुशलता और अद्भुत खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की इस गौरवमयी सफलता पर एसडी स्कूल के डायरेक्टर विकास शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। विजेता खिलाड़ियों में जन्नत, हरसिमरन, अवनि, जानवी, रविंद्र, यशस्वी, सूर्यांश, संजीव, अद्वित, श्वेता, रामविजय, आर्या, ओजस्वी, धवनी शामिल रहे।

## युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ान, यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का उठाएं लाभ : धर्मवीर सिंह



कुरुक्षेत्र। शिक्षा के माध्यम से युवाओं के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बन रही है। इसी योजना को अधिक प्रभावी ढंग से युवाओं तक पहुंचाने के लिए जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि अब तक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 915 मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को इस योजना के माध्यम से 2 करोड़ 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का स्पष्ट लक्ष्य है कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी की शिक्षा में बाधा न बने। उन्होंने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आएं, ताकि वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें और अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर कैथल कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि इस योजना का दायरा और अधिक विस्तृत करते हुए अब प्राथमिक कक्षा से लेकर 12वीं तक पढ़ने वाले उन छात्र-छात्राओं को भी शामिल किया गया है, जिनका पालन-पोषण विधवा अथवा सिंगल मदर द्वारा किया जा रहा है।

## योग प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें, कोई चूक न रहे: धीमान

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में योग विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीलत सिंगला से योग दिवस से संबंधित प्रस्तावित कार्यक्रमों एवं तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली गई। कुलपति प्रो. धीमान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को प्रत्येक वर्ष भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाया जाता है। इसलिए इस वर्ष भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग दिवस के अवसर पर योग प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी प्रकार की चूक न रहे, इसके लिए अभी से नियमित रिहर्सल शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का भी माध्यम है। कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करेगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योग दिवस को यादगार बनाने का आह्वान किया।

## साधना पथ में ओंकार दीक्षा का बहुत महत्त्व है : औलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया पावन सान्निध्य में आज समर्थगुरु धाम, मुरथल हरियाणा में ओंकार दीक्षा समारोह अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस दिव्य शिविर में दो सौ से अधिक साधक एवं मित्र सम्मिलित हुए। परमात्मा के नाद स्वरूप ॐ के रहस्य को जानकर तथा उसके अध्यात्म की साधना में उसकी महत्ता को जान कर सभी प्रतिभागियों ने स्वयं को धन्य एवं अनुगृहीत अनुभव किया। संपूर्ण वातावरण ध्यान, शांति और आनंद से ओतप्रोत रहा। ट्विटर के माध्यम से आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि आत्मा के प्रति जागना ध्यान है। आत्मभाव के साथ जीना साक्षी है। आत्मा में लीन हो जाना समाधि है। जब तक निर्विचार स्थिति नहीं बनती, तब तक तुमने आत्मा का अनुभव ही नहीं किया। अगर विचार चल रहा है, तो तुम्हारा जानना अधूरा है।

## ई रिक्शा एसो. ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत की ईधन बचाओ मुहिम का किया समर्थन

कुरुक्षेत्र। ई रिक्शा वेल्फेयर एसोसिएशन की बैठक कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कुलदीप सिंह ने की। कुलदीप सिंह ने बताया कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से गुरुकुल तक ई रिक्शा में बैठकर गए इससे ई रिक्शा वालों का मान-सम्मान बढ़ा है।



राज्यापाल आचार्य देवव्रत ने सभी लोगों को पेट्रोल व डीजल की खपत कम करने बारे में लोगों को जागरुक किया और कहा कि सभी इलेक्ट्रिक साधन अपनाने के बारे में जागरुक किया। कुलदीप सिंह ने बताया कि राज्यापाल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रदेश के ई रिक्शा चालकों को कोई समस्या आती है तो उसका समाधान करने का भरोसा दिलाया। ई रिक्शा वेल्फेयर एसोसिएशन ने भी राज्यपाल आचार्य देवव्रत का आभार जताया। ई-रिक्शा यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत की सादगी की सराहना करते हुए कहा कि एक बड़े राज्य के संवैधानिक पद पर होने के बावजूद उनका यह व्यवहार सीधे जनता के दिलों को छूता है। यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलदीप व ईशवर सिंह सहित सदस्य रवि कुमार, मनोज, महेश, आदित्य, ओमप्रकाश, जसबीर व अन्य साथियों ने संकल्प लिया कि ई-रिक्शा यूनियन का हर सदस्य प्रधानमंत्री के ईंधन बचाने के संदेश और राज्यपाल की पर्यावरण व स्वच्छता मुहिम को घर-घर तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक करेगा।

## सहकारिता एवं ग्रामीण विकास को देंगे नई दिशा, मिलकर करेंगे कामः डा. अरविंद शर्मा

ग्रामीण क्षेत्रों और सहकारी संस्थाओं को मजबूती प्रदान करने का जताया विश्वास

# सुभाष कलसाना ने संभाला एचएससीएआरडीबी के चेयरमैन का कार्यभार, सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पंचकूला स्थित बैंक मुख्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह में सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पूर्व विधायक सुभाष सुधा तथा बंतो कटारिया की उपस्थिति में उन्हें पदभार सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने सुभाष कलसाना को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनकी नियुक्ति को दूरदर्शी निर्णय बतायाा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, संगठन और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यकत किया। वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बैंक किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और सहकारी संस्थाओं को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सुभाष कलसाना एक जमीनी स्तर के, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ बैंक तथा सहकारी क्षेत्र को मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी मिलकर कार्य करेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि भाजपा संगठन अपने मेहनती और निष्ठावान कार्यकतार्ओं को उचित सम्मान देने में विश्वास रखता है। सुभाष कलसाना की नियुक्ति इसी सोच का प्रमाण है। पूर्व विधायक सुभाष सुधा और बंतो कटारिया ने भी सुभाष कलसाना को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से सहकारी क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी और बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।



शाहबाद। चेयरमैन सुभाष कलसाना को पदभार ग्रहण करवाते सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा।

### संगठन के विश्वास पर खरा उतरूंगा : कलसाना

*पदभार ग्रहण करने के बाद चेयरमैन सुभाष कलसाना ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा संगठन तथा पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा उनका प्रयास रहेगा कि बैंक की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ हर पात्र किसान और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। किसानों, ग्रामीण क्षेत्रों और सहकारी संस्थाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। सुभाष कलसाना ने समारोह में पहुंचे सभी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकतार्ओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनका स्नेह और विश्वास उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।*

### यह रहे मौजूद

समारोह में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन गुरनाम सैनी, नगरपालिका प्रधान गुलशन कवात्तरा, रविंद्र सांगवान ठोल, पूर्व नपा प्रधान बलदेव राज चावला, मंडी प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, एडवोकेट गुरप्रीत बाछल, एस.पी. तंवर, पार्षद दीपक आनंद, पार्षद ईशु सचदेवा, डॉ. आर.एस. घुम्मन, अमित गुप्ता, पार्षद पंकज सिंगला, पार्षद अमित सिंघल, एडवोकेट आर.डी. गुप्ता, एडवोकेट जगमोहन मनचंदा, वीरेंद्र मनचंदा, सरपंच रिंकू बैरागी, सरपंच विक्रम अटवान, अमरजीत डांगी, सरपंच मान सिंह देसवाल, सरपंच सुखविंद्र सिंह, हरमिसरण सिद्धू, कमित सचदेवा, अभिषेक छाबड़ा, नरेश खेड़ा, जतिन पोपली, बलदेव राज सेठी आदि मौजूद रहे।

